वर्षः 12 - अंक : 202, मुंबई, मंगलवार, 20 सितंबर, 2022 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




# बीकेसी मैदान पर शिंदे गुट को दशहरा रैली की अनुमति

## एमएमआरडीए ने उद्धव खेमे का आवेदन किया खारिज





**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीतिक जमीन पर मात खाए उद्धव ठाकरे को अब दशहरा रैली के आयोजन को लेकर बड़ा झटका लगा है। दरअसल, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के शिवसेना गुट को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) मैदान में दशहरा रैली आयोजित करने की अनुमति मिल गई है। शिवसेना हर साल दशहरा के दौरान रैली का आयोजन करती है, लेकिन इस बार एकनाथ शिंदे गुट के अलग होने की वजह से अब दोनों गुट यह रैली करने जा रहे हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## अब शिवाजी पार्क में परमिशन का इंतजार



### रैली तो शिवाजी पार्क पर ही होगीः उद्धव

शिवसेना पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे शिवाजी पार्क पर ही दशहरा रैली का आयोजन करने की बात बार-बार कह रहे हैं। पार्टी नेताओं के साथ मीटिंग में उन्होंने पार्टी और पार्टी से जुड़े सभी संगठनों को दशहरा रैली की तैयारी करने को कहा है। इधर, बीएमसी सूत्रों का कहना है कि कानून-व्यवस्था को स्थिति को देखते हुए शिवसेना के दोनों गुट को रैली की अनुमति मिलने की संभावना बेहद कम है। बता दें कि गणपति विसर्जन के दिन प्रभादेवी में ठाकरे गुट और शिंदे गुट के विधायक सदा सरवणकर के बीच झड़प हो गई थी।



# अभी जेल में ही रहेंगे संजय राउत

## फिर बढ़ी 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** पात्रा चॉल भूमि घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों का सामना कर रहे शिवसेना नेता संजय राउत की मुसीबत कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब विशेष अदालत ने राउत की न्यायिक हिरासत को 14 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। इतना ही नहीं उनकी जमानत याचिका पर भी आज सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट 21 सितंबर को संजय राउत की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

## कोलकाता हवाई अड्डे से महिला से बरामद किए गए एक करोड़ से ज्यादा के अमेरिकी डॉलर, जब्त

**कोलकाता।** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने एक महिला यात्री से एक करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**



## प्रेमिका से हुआ विवाद तो नाराज प्रेमी ने पुलिस कंट्रोलरूम में दी बम की फर्जी सूचना

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने बम के बारे में फर्जी फोन करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि 24 साल के आरोपी दिनेश सुतार ने मुंबई के चहल-पहल वाले झावेरी बाजार इलाके में बम के बारे में फोन करके फर्जी सूचना दी थी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा में शामिल

## पंजाब लोक कांग्रेस का भी हुआ विलय



**चंडीगढ़।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। उनकी पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस का भी भाजपा में विलय हो गया। इससे पहले उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। अमरिंदर सिंह के पार्टी में शामिल होने पर कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि कैप्टन के पार्टी में आने के मायन हैं। वह शांति और सुरक्षा के पक्षधर हैं। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### जॉइन करने के बाद मिल सकती अहम जिम्मेदारियां

भाजपा पंजाब में पार्टी के पुनर्गठन की तैयारी कर रही है क्योंकि पंजाब भाजपा प्रधान अश्वनी शर्मा का कार्यकाल अगले कुछ महीनों में खत्म होने वाला है। ऐसे में बीजेपी नेतृत्व कैप्टन और उनके करीबियों को पंजाब में अहम जिम्मेदारियां सौंप सकता है। जनवरी 2020 में पंजाब भाजपा इकाई के प्रधान बने अश्वनी शर्मा का 3 साल का कार्यकाल जनवरी-2023 में खत्म रहा है। वर्तमान विधानसभा में भाजपा के सिर्फ 2 विधायक हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### देश में बढ़ने लगे कोरोना के मामले

**देश** में पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 4,858 नये मामले सामने आने के साथ संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 4,45,39,046 हो गयी। इसी अवधि में महामारी से 10 और मरीजों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,28,355 हो गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार 10 राज्यों और एक केन्द्रशासित प्रदेश में कोराना सक्रिय मामलों में बढ़ातरी हुई है और अन्य राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में इसके मामलों में कमी देखी गयी है। पिछले 24 घंटे में कोरोना महामारी के सक्रिय मामले 105 बढ़ने से इनकी संख्या 48027 हो गई जबकि इसी अवधि में 4,735 मरीज स्वस्थ होने से इनकी इनकी कुल संख्या बढ़कर 4,39,62,664 हो गयी है। देश में स्वस्थ होने की दर 98.71 प्रतिशत है। सक्रिय मामलों की दर 0.11 प्रतिशत है, दैनिक संक्रमण दर 2.76 प्रतिशत है और मृत्यु दर 1.19 फीसदी पर बरकरार है। पिछले 24 घंटों में 1,75,935 कोविड परीक्षण किए गये हैं। जिसके बाद कुल परीक्षणों की संख्या 89.17 करोड़ हो चुकी हैं। केरल में पिछले 24 घंटे में 516 कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 15755 हो गई तथा कोरोना महामारी से उबरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 6699341 हो गया है। इस अवधि में मतृकों का आंकड़ा 70998 पर बरकरार है। महाराष्ट्र में कोरोना के 22 सक्रिय मामले घटने से इनकी कुल संख्या घटकर 4540 रह गयी है और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 7962692 हो गयी है। राज्य में इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से तीन मरीज की जान जाने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 148310 हो गया है। पश्चिम बंगाल में 78 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 2283 हो गयी है और इस महामारी से निजात पाने वालों की संख्या बढ़कर 2087285 हो गयी है। इस जानलेवा वायरस के संक्रमण से एक मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा 21489 हो गया है। इस बीच तमिलनाडु में कोरोना के 61 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी कुल संख्या बढ़कर 4926 हो गयी और इस बीमारी से निजात पाने वालों की संख्या 3533848 हो गयी है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 38040 पर स्थिर है। कर्नाटक में पिछले 24 घंटे में 11 कोरोना सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी संख्या बढ़कर 3746 हो गयी है और अब तक 4017441 लोग इस महामारी से मुक्त हुए हैं। राज्य में जानलेवा वायरस के संक्रमण से दो और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या बढ़कर 40276 हो गई है।

# अंतिम महारानी की विदाई !

महल की शान-शौकत के बावजूद अहंकार-घमंड नहीं दर्शाती थीं। मार्केटिंग-ब्रांडिंग के बावजूद अपने को थोपती नहीं थीं। जाहिर है उन्होंने अपने आपको उदाहरण बनाया और उसकी समाज-राजनीति और जनजीवन पर छाप बनती गई। वैसी किंग चार्ल्स की छाप संभव ही नहीं है। न ही दुनिया के किसी राजा या रानी या राष्ट्राध्यक्ष से वैसा हो सकना संभव है। इस नाते भी मेरा अंतिम महारानी का अर्थ गहरा है।



**अंतिम** महारानी इसलिए क्योंकि एलिजबेथ द्वितीय जैसा राजशाही ब्रांड भविष्य में संभव नहीं है। न ब्रिटेन के राजघराने में और न दुनिया के किसी कोने में। किसी भी देश, लोकतंत्र या तानाशाही या धार्मिक जैसी कोई भी व्यवस्था के मनुष्य घरौंदे में एलिजाबेथ द्वितीय जैसी एकछत्रता का मानव शिखर संभव नहीं। एलिजाबेथ बीसवीं सदी की पैदाइश थीं। वे ब्रितानी विरासत का बीसवीं सदी का संस्करण, उसकी मनभावक स्क्रिप्ट, पात्र, चरित्र, ब्रांड का सीरियल थीं। तभी उनके घर-परिवार के किस्से, पात्रों के अभिनय और कथानक का जलवा न केवल ब्रिटेन में बना, बल्कि दुनिया में सभी तरफ वह सुपर हिट थी। वैस ही जैसे नेटफ्लिक्स द्वारा बनाई 'दि क्राउन' सीरियल की वैश्विक लोकप्रियता है। नेटफ्लिक्स ने उनके फिनोमीना को ही अपने सीरियल से भुनाया है। वैसा अब भविष्य में संभव नहीं है। इसलिए महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की मृत्यु और श्रद्धांजलि देने वालों की जो कतार लगी तथा अंत्येष्टि पर वैश्विक पांच-छह सौ हस्तियां जैसे पहुंचीं हैं वह इस बात का सबूत है कि राजशाही की अंतिम महारानी को विदाई। लोगों में ऐतिहासिक मौके का गवाह बनने का शगल बना। उस ब्रांड को अलविदा कहा, जिसमें राजशाही सफर की मनुष्य यादें हैं। वह राजशाही, जिससे लोगों का दिल-दिमाग राजा-रानी के चेहरों, किस्से-कहानियों में जुगाली करता है।

मनुष्य के दिमाग में यादों की जुगाली का मामला विचित्र है। दुनिया की हर सभ्यता इतिहास की जुगाली में वर्तमान और भविष्य देखती है। तभी वे बातें, वे अंदाज लोगों को मनभावक लगते हैं, जिनसे रोमांच बने, वैभव, भव्यता और कथानक का कौतुक, उमंग और जोश बने। ऐसा आगे हो सकना किसी राजघराने, किसी महारानी या महाराजा के बस में नहीं है। अंत्येष्टि में ब्रितानी राज परिवार के सदस्य, किंग चार्ल्स, क्वीन कन्सॉर्ट कैमिला, एन, एंड्रयू और एडवर्ड सहित महारानी के कोई 12 पोते, पड़पोतों सहित यूरोप-जापान के राजघरानों तथा पांच सौ विदेशी राष्ट्राध्यक्षों और विशेष लोगों की उपस्थिति है। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन से लेकर कई राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और राष्ट्रध्यक्ष भी। सोचें, इन सबमें कौन भविष्य में महारानी एलिजाबेथ जैसा सत्ता का सत्तर साला शीर्ष पा सकता है? अपना मानना है कि इक्कीसवीं सदी और भविष्य अब क्षणिक सत्ताओं का है। स्टालिन, माओ, चाउसेस्कू जैसे तानाशाह या सऊदी अरब के बादशाह के दशकों लंबे राज का वक्त खत्म है। चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने उम्रपर्यंत राष्ट्रपति बने रहने का भले ताना-बाना बुन रहे हैं मगर वे भी नहीं सोच सकते है माओत्से तुंग जितनी लंबी अवधि के मालिक होंगे। वैसी कथा लिए हुए होंगे। न लोकतंत्र किसी को पच्चीस साल प्रधानमंत्री बनाए रख सकता है और न एकदलीय व्यवस्था में कोई तानाशाह या राजशाही किसी महाराजा या महारानी की उम्रपर्यंत सीरियल बनवाए रखेगा। जैसा मैंने पहले लिखा कि लंदन दुनिया की अनौपचारिक-अघोषित राजधानी है। भूमंडलीकृत गांव में बदली पृथ्वी का सेंटर है। पृथ्वी के पौने आठ अरब लोगों की एक मनभावक कहानी है तो जाहिर है महारानी के नाते एलिजाबेथ द्वितीय ने अपनी भूमिका का जैसा निर्वहन किया वही उनकी पुण्यता का सार है। वे सत्तर साल नेचुरल, सहज भाव वैश्विक दिलचस्पी का केंद्र रहीं। ब्रितानियों के लिए मातृसत्ता, गौरव सत्ता के रूप में तो दुनिया के लिए दि क्वीन!

बहुतों ने बहुत तरह से लिखा है कि महारानी ने वह क्या किया, जिससे वे इतनी लोकप्रिय हुईं? ब्रितानियों के लिए गौरव की बात और दुनिया के लिए कौतुक का बिंदु बनीं? कहते हैं नेटफ्लिक्स का 'दि क्राउन' सीरियल के कथाकारों ने महारानी की रियलिटी को बारीकी से समझ कर स्क्रिप्ट बनाई। अपना मानना है कि इस सीरियल और यह लोक मान्यता फिजूल है कि वे जिम्मेवारी तथा कर्तव्य बोध की मूर्ति थीं। आखिर तक ड्यूटी निभाती हुई थीं। उन्होंने कर्तव्य के बोध में जिंदगी को जीया न कि जीवन को राजशाही के वैभव से जीवन को मजे के लिए जीया। ऐसे निष्कर्ष बेमतलब है। सत्ता का शीर्ष, टाइटिल, वैभव अपने आप सत्तावान को खास व्यवहार में बांधता है। भारत के पैमाने पर आज दौपद्री मुर्मू अपने आप राष्ट्रपति भवन में रहते हुए सत्ता की मूर्ति हैं और उनमें 140 करोड़ भारतीय वैसे ही कर्तव्यपरायणता, विद्वता, सज्जनता और सर्वोच्च कमांडर की ताकत बूझते हैं, जैसे पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल से बूझते थे। मनुष्य के डीएनए पांच हजार साल से कबीले के प्रमुख और सत्तावान की महिमा के अचेतन में गुंथे हुए हैं। उसका दिल-दिमाग खदबदाता तब है जब उसके साथ कथा-कहानियों का हल्ला हो, लेखन हो, फिल्मांकन हो, मार्केटिंग और ब्रांडिंग हो। मनुष्य आदिम अवस्था में भी चमत्कारों की बिजली से चकाचौंध होता था। धोखा खाता था। इक्कीसवीं सदी में भी चमत्कारों, जादू-टोनों, वैभव, ग्लैमर और उस सबसे तब मंत्रमुग्ध होता है जब उसके आगे वाह! क्या बात होती है। उस नाते नई सहस्त्राब्दि में राजशाही भी मंत्रमुग्धता वाली बात है। बावजूद इसके वक्त क्योंकि बहुत तेजी से भागता हुआ है तो यह एक अनहोनी थी जो ब्रिटेन की महारानी ने सत्तर साल जलवा बनाए रखा। ब्रिटेन के नए किंग चार्ल्स के लिए यह संभव नहीं होगा। न ही उनका बेटा या उनका पोता वैसा जलवा बना पाएगा। बंकिघम पैलेस चाहे जितनी मार्केटिंग-ब्रांडिग कर ले, उसका जादू नए वक्त में घटते जाना है।

ऐसा होना बदलते वक्त से साथ दुनिया के बदलने की दास्तां है। कथा-कहानी के लिए हॉलीवुड, बॉलीवुड, नेटफ्लिक्स आदि 'दि क्राउन' जैसे सीरियल और भव्य फिल्में कितनी ही बनाएं, मगर रियल लाइफ में विकसित मनुष्य व्यवहार सपाट व निरपेक्ष होते हुए है। जापान में राजशाही है और जापानियों में उसके प्रति अगाध श्रद्दा तथा विश्वास है, ऐसे ही अरब देशों में इस्लामी राजशाही है, चाइनीज कम्युनिस्ट पार्टी शी जिनफिंग को भगवान बनाएं हुए है, स्लाविक जारशाही ने पुतिन को व हिंदुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अवतार बनाया हुआ है लेकिन ये सब वक्त के क्षणिक अल्पकालिक चरित्र हैं। इन चरित्रों से क्योंकि मनुष्य स्वभाव, नागरिकों का चरित्र नहीं पकता है व गहरी छाप नहीं छूटती है तो ये इतिहास में आए-गए पात्र होंगे। ये सब कुल मिलाकर सिर्फ वक्त के सिकंदर। चाहे तो इस बात को ब्रिटेन के नए महाराजा किंग चार्ल्स के उदाहरण से समझ सकते हैं। वे बतौर राजा अपने व्यवहार में ऐसा क्या कर पाएंगें, जिनसे ब्रितानियों के संस्कार, व्यवहार, चरित्र जीवन पर गहरी छाप बने? सत्तर सालों में महारानी ने भद्रता, ईमानदारी और चारित्रिक संस्कारों का दिखावा या असल व्यवहार की अपनी जो भी छाप बनाई तो जनता में उनकी पुण्यता पकते-पकते टिकाऊ बन गई। वे गोरे अंग्रेजों के घर-घर तहेदिल सम्मान पाए हुए थीं।

वे समाज में विभाजक नहीं थी। खौफ-भय और दुष्टता का चेहरा नहीं थीं। झूठी-छली नहीं थीं। बेबात ज्ञान नहीं बघारती थीं। महल की शान-शौकत के बावजूद अहंकार-घमंड नहीं दशार्ती थीं। मार्केटिंग-ब्रांडिंग के बावजूद अपने को थोपती नहीं थीं। जाहिर है उन्होंने अपने आपको उदाहरण बनाया और उसकी समाज-राजनीति और जनजीवन पर छाप बनती गई। वैसी किंग चार्ल्स की छाप संभव ही नहीं है। न ही दुनिया के किसी राजा या रानी या राष्ट्राध्यक्ष से वैसा हो सकना संभव है। इस नाते भी मेरा अंतिम महारानी का अर्थ गहरा है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# चार मंजिला इमारत से गिरी 7 वर्षीय बच्ची, हालत गंभीर

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** गत 16 सितंबर शुक्रवार रात 10:30 बजे किस्मत कॉलोनी परिसर की ठाकुर बिल्डिंग सी विंग 4 मंजिला रूम नंबर 405 माउंट मैरी स्कूल के करीब कौसा मुंब्रा से 7 वर्षीय बच्ची नाम जिकरा अंसारी के गिरने का मामला प्रकाश में आया है इस पूरे मामले में स्थानीय समाज सेवक हाशिम शेख द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार जिकरा अंसारी रात के समय घर में सभी बच्चों के साथ मिलकर आंख मिचोली खेल रही थी तभी जिकरा अंसारी पलंग पर चढ़ गई और खिड़की पर स्लाइडिंग और ग्रिल नहीं लगे रहने की वजह से यह 7 वर्षीय बच्ची 4 मंजिला मकान की खिड़की से नीचे जमीन पर आ गिरी जैसी ही मुझे इसकी सूचना मिली मैंने तुरंत घायल अवस्था में दो अस्पतालों में ले गया जहां पर डॉक्टरों ने हालत को देखते हुए हम लोगों को ठाणे के जुपिटर हॉस्पिटल में रेफर कर दिया वहां पर फिलहाल बच्ची को एडमिट किया गया है जहां पर उसको




वेंटिलेटर मशीन पर डॉक्टर द्वारा रखा गया है फिलहाल बच्ची की हालत नाजुक बताई जा रही है लेकिन इस दुर्घटना में समाज सेवक हाशिम शेख ने बिल्डर संतोष को ही जिम्मेदार ठहराया है क्योंकि जिस मकान से यह 7 वर्षीय बच्ची गिरी है उस मकान के अंदर स्लाइडिंग तक नहीं लगी थी मकान मालिक का काम है कि घर के अंदर स्लाइडिंग लगाने का जबकि यह मकान चार माले पर है इस मकान के बारे में उन्होंने बताया इस मकान की हालत पूरी तरह से खस्ता हो चुकी है छत का प्लास्टर गिर रहा है दीवारें पूरी तरह से लीकेज है घर को सख्त मरम्मत की जरूरत है लेकिन मकान मालिक संतोष घर की मरम्मत नहीं करा रहा है और पीड़िता की माता-पिता जो कि दो महीना पहले गांव से आए हैं उनको यह मकान 30 हजार रुपए डिपाजिट और 4 हजार रुपए किराए पर दिया है हालांकि पीड़िता के परिजनों द्वारा मकान मालिक से डिपाजिट की रकम वापस मांग रहे हैं फिर भी यह रकम देने को तैयार नहीं है फिलहाल बच्ची को हॉस्पिटल में एडमिट किया गया है जहां पर उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है इस पूरे दुर्घटना में मुंब्रा पुलिस द्वारा फिलहाल पंचनामा तो किया गया है लेकिन आगे किस प्रकार की कार्रवाई की जाती है बिल्डर संतोष के विरुद्ध में यह देखने वाली बात होगी

## मुफ्ती नसीम मिस्बाही के हाथों हुआ मुफ्ती अब्दुल हलीम फाउंडेशन वेलफेयर ट्रस्ट की हलिमी चैरिटेबल क्लिनिक का उद्घाटन

**संवाददाता/समद खान**

**मुंब्रा।** गत 17 सितंबर शनिवार 4 बजे किस्मत कॉलोनी परिसर की ठाकुर बिल्डिंग में हलीमी चैरिटेबल क्लिनिक का उद्घाटन मुफ्ती नसीम मिस्बाही के हाथों किया गया इस अवसर पर इस क्लिनिक के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया हमारी संस्था मुफ्ती अब्दुल हलीम फाउंडेशन वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा यह क्लिनिक की शुरूआत की गई है इससे पहले हमारी संस्था द्वारा ओरिसा में क्लिनिक की शुरूआत की गई है और आज महाराष्ट्र में पहली बार मुंब्रा शहर में शुरू की गई है और हम बहुत जल्द मुंबई के खैरानी रोड पर और नागपुर शहर में हमारा इरादा है क्लिनिक खोलने का जैसे जैसे हम आगे बढ़ते जाएंगे वैसे वैसे हम क्लिनिक खुलेंगे और इसके साथ हम लोगों का इरादा है शिक्षण में हाथ डालेंगे ताकि जो बच्चे पैसों की किल्लत के कारण पढ़ नहीं पा रहे उनको हमारे संस्था के माध्यम से मदद मिलेगी ताकि वह अपना भविष्य सुधार सके उन्होंने बताया कोरोना काल की बीत जाने से लोगों की आर्थिक स्थिति चरमरा कर रह गई है और आजकल दवाखाने




में डॉक्टरों द्वारा मोटी फीस मरीजों से ली जाती है और महंगाई के इस दौर में जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा उसको देखते हुए खिदमते ए खल्क का जज्बा रखते हुए हम लोगों ने यह क्लिनिक की शुरूआत की है यह क्लिनिक में मात्र 30 रुपए में तीन वक्त की दवा मरीजों को दी जाएगी और हमारी क्लिनिक का समय समय 10:30 बजे से लेकर 2 बजे तक रहेगा और शाम 6 बजे से लेकर 9:30 बजे तक खुली रहेगी हमारी क्लिनिक में मरीजों को जांच पड़ताल करने के लिए दो बीयूएमएस महिलाएं डॉक्टरों को नियुक्त किया गया है उनके द्वारा ही मरीजों की जांच की जाएगी और हमारे यहां पर मरीजों का जो भी टेस्ट करवाना हो उस पर 50 से 60 परसेंट तक की छूट दी जाएगी इस पूरी क्लिनिक की जिम्मेदारी खैरख्वाही फाउंडेशन की मुजाहिद अत्तारी के हाथों में सौंपी जाएगी इस मौके पर मुजाहिद ने बताया हमारी संस्था की तरफ से मुंब्रा शहर में दो क्लिनिक चलाई जा रही है और यह हलीमी चैरिटेबल ट्रस्ट की तरफ से क्लिनिक की शुरूआत आज मुंब्रा शहर में की गई है हमारी कोशिश यह है कि गरीब तबके के लोगों की मदद हो आजकल के डॉक्टर चेकअप का 70 रुपए ले लेते हैं हम लोग 30 रुपए में तीन वक्त की दवा दे रहे हैं उन्होंने लोगों से अपील की है अगर आप भी गरीब लोगों की मदद करना चाहते है तो हमसे जुड़कर गरीब लोगों के लिए 1000, 500,300, 200, 100, मरीजों के लिए दवा मुफ्त में दे सकते हैं इससे आपको सवाब हासिल होगा और नेकियां मिलेंगी उन्होंने बताया हमारी कोशिश जारी है हम इस तरह की चैरिटेबल क्लिनिक और भी शहर में खुलेंगे ताकि इससे गरीब तबके के लोगों को ज्यादा से ज्यादा फायदा हो सके।

## लड़की ने ठुकराया प्यार का प्रपोजल तो 10वीं के छात्र ने कर लिया सुसाइड

**मुंबई।** एकतरफा प्यार में लोग क्या कुछ नहीं करने को मजबूर हो जाते हैं। यहां तक कि अपनी जान भी दे देते हैं। ऐसी ही एक घटना महाराष्ट्र के मुबंई के अंधेरी वेस्ट इलाके से सामने आई है, जहां एक किशोर ने एकतरफा प्यार में आत्महत्या कर ली। हालांकि किशोर के अंतिम पलों की कहानी दर्दभरी और रौंगटे खड़ी कर देने वाली है। पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार से शिकायत न मिलने पर पुलिस ने आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया है। दरअसल, एकतरफा प्यार में आत्यहत्या का मामला मुबंई के अंधेरी वेस्ट इलाके का है। कक्षा 10 में पढ़ने वाला छात्र एक लड़की से प्यार करता था। रविवार रात को छात्र ने वॉट्सऐप पर लड़की से अपने प्यार का इजहार किया, लेकिन लड़की ने उसके प्रपोजल को यह कहते हुए रिजेक्ट कर दिया कि वह दोनों सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। वह उससे प्यार नहीं करती है। लड़की द्वारा प्रपोजल ठुकराए जाने से छात्र सदमे में आ गया। छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि 10वीं कक्षा का छात्र अपने माता-पिता और बहन के साथ एक हाउसिंग सोसाइटी में रहता था। यह घटना रविवार रात करीब 9.44 बजे हुई। पुलिस को मौके पर छात्र की डायरी, एक कोल्ड ड्रिंक, सोडा की दो बोतलें और उसकी चप्पलें मिलीं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि छात्र ने वॉट्सऐप पर अपनी एक दोस्त को प्यार का इजहार किया था, लेकिन लड़की ने उसके प्यार को ठुकरा दिया। इसी वजह से उसने आत्महत्या कर ली।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### बीकेसी मैदान पर शिंदे गुट को दशहरा रैली की अनुमति

दोनों गुटों ने इसके लिए मैदान की परमिशन मांगी थी, लेकिन इजाजत शिंदे गुट को मिली। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) ने उद्धव गुट के आयोजन को खारिज कर दिया। एमएमआरडीए का कहना है कि प्लॉट पहले से ही किसी अन्य समारोह के लिए बुक किया जा चुका है। अब दोनों गुटों को शिवाजी पार्क में परमिशन का इंतजार है। शिवसेना के बागी सांसद राहुल शेवाले ने बीकेसी में शिंदे गुट की रैली के लिए अनुमति के लिए आवेदन किया था, जबकि उद्धव वाली शिवसेना का आवेदन सांसद अरविंद सावंत ने दिया था। वहीं, दादर के शिवाजी पार्क में रैली करने के लिए दोनों गुटों के आवेदनों पर बीएमसी का फैसला आना अभी बाकी है। एमएमआरडीए के एक अधिकारी ने बताया- हमने शिंदे गुट को अनुमति दी है और उन्होंने किराए का भुगतान भी किया है। उद्धव वाली शिवसेना का आवेदन स्वीकार नहीं किया गया, क्योंकि उन्होंने जो प्लॉट मांगा था वह पहले से ही किसी अन्य कंपनी ने बुक किया था। दोनों गुटों ने बीकेसी मैदान के अंदर अलग-अलग प्लॉट्स के लिए आवेदन किया था।

### कैप्टन अमरिंदर सिंह भाजपा में शामिल

कैप्टन के लिए देश सर्वोपरि है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारा मानना है कि देश के सही सोच वाले लोगों को एक होना चाहिए। पंजाब जैसे संवेदनशील राज्य को सावधानी से संभाला जाना चाहिए। सीएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान कैप्टन ने कभी भी राष्ट्रीय सुरक्षा से पहले राजनीति नहीं रखी। कैप्टन अमरिंदर सिंह ने भी भाजपा में शामिल होने पर पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार जताया। इस दौरान भाजपा नेता सुनील जाखड़ और भाजपा पंजाब के अध्यक्ष अश्विनी शर्मा मौजूद रहे। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह ने कांग्रेस से अलग होकर नई सियासी दल बनाया था। कैप्टन की पत्नी परनीत कौर इस समय पटियाला से कांग्रेस सांसद हैं। वह अभी कांग्रेस में ही रहेंगी। बीते विधानसभा चुनाव में कैप्टन ने कांग्रेस से किनारा कर पंजाब लोक कांग्रेस का गठन कर पंजाब में भाजपा के साथ गठबंधन किया था।

### अभी जेल में ही रहेंगे संजय राउत

जानकारी के मुताबिक, कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट को संज्ञान में लेते हुए संजय राउत की हिरासत बढ़ाने का निर्देश दिया है। वहीं कोर्ट के निर्देश के बाद ईडी ने संजय राउत को चार्टशीट की एक प्रति भी सौंप दी है। महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के करीबी सहयोगी 60 वर्षीय राउत को 31 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी ने राउत के घर पर सुबह-सुबह छापा मारा था। करीब आठ घंटे की पूछताछ के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था, इसके बाद देर रात उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

### प्रेमिका से हुआ विवाद तो नाराज प्रेमी ने पुलिस कंट्रोलरूम में दी बम की फर्जी सूचना

जिसके बाद पुलिस ने मामले में छान-बीन करके आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में सामने आया है कि उसका अपनी प्रेमिका से विवाद हुआ था। जिसके कारण वह नाराज था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी दिनेश सुतार दक्षिण मुंबई के कालबादेवी रोड का निवासी है। उसने रविवार सुबह कथित तौर पर मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके अहमदनगर जिले के जामखेड़ में रखे बम के बारे में जानकारी दी। इसके कुछ देर बाद उसने दोबारा कंट्रोलरूम में फोन करके बताया कि जावेरी बाजार इलाके में भी एक बम रखा गया है। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और आनन-फानन में बम निरोधक दस्ता झावेरी बाजार इलाके में पहुंचा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सतर्कता दिखाते हुए गली को मिनटों में खाली करा लिया गया और वहां मौजूद लोगों को इलाके से दूर रहने को कहा गया। इसके साथ ही पुलिस ने क्राइम ब्रांच की टीम और आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) को भी इस फोन के बारे में सूचित किया। इस पर क्राइम ब्रांच की टीम ने कॉल करने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन नंबर को ट्रेस करके आरोपी का पता लगाया और लोकमान्य तिलक मार्ग थाने के पुलिसकर्मियों ने आरोपी को बम की लोकेशन जानने के बहाने बुलाया और उसे पकड़ लिया।

### कोलकाता हवाई अड्डे से महिला से बरामद किए गए एक करोड़ से ज्यादा के अमेरिकी डॉलर, जब्त

हवाई अड्डे पर चेकिंग के दौरान पकड़ी गई महिला विदेशी मुद्रा के बारे में कोई सटीक जानकारी नहीं दे सकी। जानकारी के मुताबिक, 16 सितंबर को नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क विभाग की टीम ने चेकिंग के लिए महिला संगीता देवी को रोका था।

# जोधपुर में वार्ड 49 (दक्षिण) में हाइफा हीरो के रथ का भव्य स्वागत किया गया

## घर घर पीले चावल देकर दिया राष्ट्रीय महासम्मेलन में आने का निमंत्रण दिया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** जोधपुर में मेजर दलपत सिंह देवली के 104 वे बलिदान दिवस के अवसर पर 23 सितंबर को होने वाले राष्ट्रीय महासम्मेलन के कार्यक्रम हेतु निमंत्रण देने के चरण में 20 अगस्त से शुरू हुई 'हाइफा रथ' यात्रा के बीसवें दिन रविवार को 'हाइफा रथ' वार्ड 49 दक्षिण में पहुंचा, जहां पार्षद दौलत सिंह सांखला, राजेंद्र सिंह राखी, देवी सिंह सिसोदिया, त्रिलोक सिंह नग सा, अनिल सिंह बडगूजर, पुरण सिंह बडगुजर व वंदना सांखला ने पूजा अर्चना कर घर-घर पीले चावल द व निमंत्रण देने हेतु रथ रवाना किया। वार्ड में पधारे सभी अथितियो का अनन्या सांखला ने तिलक लगा कर स्वागत किया। इस अवसर पर विक्रम सिंह बिठू राजेन्द्र सिंह सोलंकी, मनोहर सिंह, ज्ञगणपत सिंह, शैतान सिंह,जोगेन्द्र सिंह, गजे सिंह, तारा सिंह, कुकू सिंह, सूरज करण सिंह, कालू सिंह, राकेश सिंह, भवानी सिंह, धीरेन्द्र सिंह, कालू सिंह, कान सिंह, रविन्द्र सिंह, पार्षद अल्का पंवार,गिरिजा भाटी, रचना परिहार, दीप्ति राठौड़, लीला भाटी, प्रीति सिंह, गीता राजावत, पदमा कंवर, चंद्र कला सांखला, सरोज राठौड़, लीला, मोनालिशा, विमला राठौड़, चांद कंवर, प्रेम जीजा, राधेश्याम सिंह, महेन्द्र सिंह, हरि सिंह, शैतान सिंह भाटी, उमेद सिंह, नरेन्द्र सिंह, ज्योति कंवर, राजेन्द्र सिंह परिहार आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी वन्दना सांखला ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



# कालियास में भीख मांगने आई महिला को गांव वालों ने बच्चा चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा जिले की आसींद तहसील के कालियास कस्बे में बच्चा चोर गैंग के सदस्यों दो महिलाएं व युवकों को ग्रामवासियों ने कस्बे में भीख मांगने की आड़ में बच्चा चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा और जमकर धुनाई करते हुए रायला पुलिस को सौंप दिया है। बच्चा चोरी की भनक लगते ही परिवार के सदस्यों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। देखते ही देखते सैंकड़ों की संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपियों को भीड़ ने बस स्टैंड पर लाकर जमकर धुनाई की और करते ही रहे। फिर किसी ने रायला पुलिस को सुचित कर दिया, फिर रायला पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपियों को गिरफतार करके रायला पुलिस थाने ले गई। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई। कालियास के रिटायर्ड फौजी संजय सिंह शक्तावत ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि कालियास में बच्चा चोर गैंग की दो महिलाएं व दो युवकों को ग्रामवासियों ने पकड़ा है। उसने बताया कि इन बच्चा चोर गैंग के सदस्यों ने कस्बे के ही श्याम लाल सैन के मासूम ढाई साल के पोते आरु को भीख मांगने की आड़ में मौका देखकर इस महिला ने एक कट्टे में डाल दिया। फिर बच्चे की रोने की आवाज आई और शोर मचाना शुरू कर दिया और लोगों ने महिला को रोककर कट्टे की जांच की तो उसमें आरु मिला।



# रावणा राजपूत समाज राष्ट्रीय महासम्मेलन जोधपुर में अपनी ताकत दिखाएगा: पंवार

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** मेजर दलपत सिंह शेखावत के 104 वें बलिदान दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले महासम्मेलन के लिए जिला संयोजक सुरेंद्र सिंह पंवार ग्रामीण संयोजक हरिकिशन कानावत, राष्ट्रीय प्रवक्ता रतन सिंह राणावत, महिला जिला संयोजक निशा कंवर गौड़, ग्रामीण महिला संयोजक कांता कंवर कारोई, सर्व रावणा राजपूत सेवा संस्थान जिलाध्यक्ष भंवर सिंह भाटी के नेतृत्व में भीलवाड़ा, मांडल, आसींद तहसीलो के गांवों में जाकर समाजबंधुओं को पीले चावल देकर राष्ट्रीय महासम्मेलन में शामिल होने का न्योता दिया। जिला संयोजक पंवार ने बताया कि राष्ट्रीय महासम्मेलन राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह भाटी व प्रदेशाध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला के नेतृत्व आयोजित किया जाएगा। इस महासम्मेलन में देश भर से समाजबंधु व मातृशक्ति शामिल होगी। इस महासम्मेलन में लाखो की संख्या में समाजबंधु जोधपुर पहुंचकर मेजर साहब को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस महासम्मेलन के माध्यम से समाज अपनी ताकत दिखाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता रतन सिंह राणावत ने बताया कि भीलवाड़ा जिले से समाजबंधु अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंगे। महिला जिला संयोजक निशा कंवर गौड़ ने कहा कि समाज की मातृशक्ति समाज के हर आयोजन बढ़ चढ़कर अपनी भूमिका निभाती आई है और इस महासम्मेलन में भी मातृशक्ति शामिल होकर सामाजिक एकता का परिचय देगी। इस महासम्मेलन के लिए मातृशक्ति के साथ साथ बच्चे भी प्रचार प्रसार कर रहे है व जोधपुर आयोजन में शामिल होने का आह्वान कर रहे है। इस दौरान प्रदेश विधिक सलाहकार एडवोकेट पीरू सिंह गौड़, राजेंद्र सिंह शेखावत, सत्येंद्र सिंह चौहान, बाबू सिंह राणावत, नरेंद्र सिंह गुढ़ा लकी सिंह, अंजली कंवर, सुनीता कंवर, भगवती कंवर, यशस्वी कंवर गौड़ व पदाधिकारीगण ने राष्ट्रीय महासम्मेलन में समाजबंधुओं को अधिक से अधिक शामिल होने का न्योता दिया। उक्त जानकारी रावणा राजपूत समाज के युवा नेता एडवोकेट पीरु सिंह गौड़ ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



# बिस्फी प्रखंड मे याद किए गए पेरियार रामास्वामी नायकर



**संवाददाता/मो सालिम आजाद**

**मधुबनी।** बिस्फी प्रखंड आज पेरियार रामास्वामी नायकर की जयंती रवीन्द्रनाथ शर्मा से.नि.श्रम प्रवर्तन पदा. की अध्यक्षता में मनाई गई, जिसका उदघाटन राम सुदिष्ट यादव सामाजवादी नेता ने किया। वहीं मंच संचालन चन्देश्वर ने किया। वक्ताओं ने पेरियार साहब क व्यक्तित्व एवं उनके साहसिक सामाजिक एवं वैज्ञानिक विचारों पर प्रकाश डालते हुए अंधविश्वासों से दूर रहनेकि बात की। मुख्य वक्ताओं में से.नि. शिक्षक शिव शंकर राय, विनोद कुमार सिंह, कवि मेही लाल महतो अनिल कुमार, विश्वनाथ यादव, राम औतार यादव, राम वृक्ष यादव, महेन्द्र महतो, राम एकबाल यादव आदि ने उन्हे दिल कि अथाह गहराईयो से खेराजे अकीदत पेश की




दैनिक मुंबई हलचल

जरूरी सूचना

पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये द. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियों हमें भेज सकते हैं.

धन्यवाद... संपादक

9821238815

# जयपुर में अपना राजस्थान को जाने क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** जयपुर में अपना राजस्थान को जाने क्विज पब्लिक हेल्थ ग्रुप की ओर से राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नवीन काठगढ़ सत्य सई कॉलेज के पास टीला नंबर 1 में अपना राजस्थान को जाने क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजक सुनील जैन ने बच्चों से सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी राजस्थान पर्यटन स्थल आदि संबंधित प्रश्न पूछे बच्चों ने बड़े रोचक तरीके से जवाब दिए समाजसेवी गौरी शंकर शर्मा ने 10 प्रश्नों का सही जवाब देकर लकी खटीक नितेश सैनी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया कार्यक्रम संयोजक सुनील जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चे अपने देश के बारे में जितना भी जान पाए मैं उनके लिए एक बेहतर भविष्य निश्चित करेगा विद्यालय प्रधानाध्यापिका संगीता कच्छावा ने इस कार्यक्रम की पहल करते हुए हर शनिवार को विद्यालय में जनरल नॉलेज की प्रतियोगिता कराने का आव्हान किया। उक्त जानकारी सुनील जैन ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# जुझारु पत्रकारों से मिल रहे व्यापक स्तर के सहयोग से एक दिन अपवा लेगा वटवृक्ष का रूप: शील गहलौत

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** अखण्ड पत्रकार वेलफेयर एसोशिएसन भारत (अपवा) की एक अतिआवश्यक बैठक रविवार को अपराहन बाबागंज के समीप सिनेमा रोड पर स्थित अम्मा साहेब संगीत महाविद्यालय प्रतापगढ में आयोजित की गई। जिसमें वैधता की अवधि समाप्त होने वाले व नये पत्रकारों को सदस्यता प्रदान कराई गयी। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सर्वसम्मति से जिले के कर्मठशील पत्रकार प्रदीप कुमार पाण्डेय को प्रतापगढ जिले का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसके साथ ही साथ तहसील लालगंज का अमर उजाला के पत्रकार मोहम्मद फारूख खान को तहसील अध्यक्ष घोषित किया गया। मनोनीत जिलाध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय को बाकी अन्य तहसीलों के गठन की जिम्मेदारी सौपी गयी। उक्त आवश्यक बैठक में उपस्थित अपवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शील गहलौत ने कहा कि अपवा संगठन को चंद जुझारू पत्रकार साथियों के साथ मिलकर पत्रकारों के हक व अधिकार दिलाने के लिए संकल्प लिया था आज उसी दिशा में संघर्ष करते हुए संगठन दर्जनभर से अधिक प्रदेशों में संघर्षशील है।



दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, राजस्थान आदि प्रदेशों के अधिकतर जिलों में अपवा छोटे बड़े सभी पत्रकारों के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है। केन्द्र व प्रदेश की सरकार को पत्रकारों के बारे में व उनके कल्याण के बारे में विचार करने के लिए विवश होना होगा। गौरतलब हैं कि अपवा पत्रकार आयोग, पत्रकारों को मानदेय, मान्यता प्राप्त समाचार पत्र व इलेक्ट्रॉनिक चैनल के सभी पत्रकारों को अनुभव के आधार पर शासन द्वारा मान्यता प्राप्त की सुविधा, पत्रकारिता के दौरान पत्रकार की अकस्मात घटना, दुर्घटना में मौत होने पर परिजन को आर्थिक मदद के साथ उनके परिजन को सरकारी नौकरी, पत्रकारों के बच्चे के शिक्षण शुल्क में छूट, पत्रकार बीमा, पत्रकार सुरक्षा आदि मांगों को लेकर संघर्षरत है। जुझारु पत्रकारों से मिलते व्यापक स्तर के सहयोग से एक दिन अपवा संगठन जहां वट वृक्ष का रूप ले लेगा वही इसी वृक्ष के नीचे सरकार आने को विवश होगी। अपवा की युवा व तेज तर्रार प्रदेश अध्यक्ष रूचि दीक्षित ने कहा कि पत्रकारों के हक के लिये अपवा दिनरात संघर्ष कर रहा है जिसमें पत्रकारों के द्वारा मिलते व्यापक स्तर पर सहयोग से मिशन को मजबूती प्रदान हो रही है जो काबिलेतारीफ है। उन्होने कहा कि पत्रकारों के मान सम्मान में कभी आंच नहीं आने दूंगी। पुलिस या प्रशासन गर किसी पत्रकार का उत्पीड़न करता है तो वह बरदास्त नही किया जायेगा। जिसके लिये हर स्तर की लड़ाई लड़ने के लिये सदैव तैयार रहूंगी। वही संचालन प्रदेश महामंत्री ओपी गुप्ता ने करते हुये कहा कि सभी पत्रकारों के मान व सम्मान की लड़ाई अपवा लड़ने के लिये प्रयासरत है वह दिन दूर नहीं है जब अपवा की आवाज को शासन व प्रशासन मानेगा और पत्रकारों को उनके अधिकार को देने पर भी मजबूर होगा। वही मनोनीत जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार पाण्डेय ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार जताते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# गायों की सेवा मे मातृशक्ति व युवा जुटे

**हितेश सोनी (रामाजी गुडा)**

**नाडोल** कस्बे में रिद्धी-सिद्धी मित्र मंडल झीलवाडी के तत्वावधान में लंपी स्किन डिजीज बीमारी से ग्रसित गोवंश को बचाने के लिए युवा एवं मातृशक्ति प्रतिदिन दवाई युक्त औषधिय लड्डू बनाकर नाडोल व आसपास गांवो मे लंपी स्किन डिजीज बीमारी से ग्रसित गोवंश को खिला रहे है इस कार्य मे रिद्धी-सिद्धी मित्र मंडल के सदस्य भोमाराम मालवीय, ओगडराम चौधरी, उपसरपंच भवानीसिहं राजपुरोहित, महिपालसिहं सोलंकी, सुरेश मालवीय, सोहनलाल माली, डां.अशोक प्रजापत,घनश्याम सिहं, विक्रम माली, कैलाश माली, जितेन्द्र सिरवी, मूलचन्द सोनी, किशोर परमार,सुधीर जांगिड, विक्रम मालवीय प्रिंस माली, अचलाराम प्रजापत,भरत राठौड, प्रमोदपुरी गोस्वामी, हिमांशु त्रिवेदी, महिपालसिहं, गोपाल माली, रमेश जांगिड, मुकेश मालवीय, गोरधनमाली, लोकेन्द्रसिहं, सुरेश कुमार राईगर, हरिशभटनागर, राजुभटनागर, मानाराम भटनागर, प्रकाशसिहं, नारायणलाल प्रजापत, हितेश वैष्णव, गुरुदत्तसिहं, प्रवीण पुरी, संजय सुमन, सहीत मातृशक्ति व युवा जुटे हुए है।



# संस्थाओं के साथ साथ गायों की सेवा में महिला शक्ति भी आगे आई

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** माचाड़ी में श्री श्याम मंदिर सेवा समिति, हरि ओम जन सेवा समिति,बजरंग दल, सारथी महिला क्लब द्वारा श्री श्याम मंदिर, विजय बाड़ी, सीकर रोड में एक साथ 40000 चालीस हजार औषधि युक्त लड्डू लंपी ग्रस्त गायों के लिए बनाए गए। श्याम मंदिर के पदाधिकारी श्याम सुंदर गोवला एवं नथ मल चोमाल ने बताया कि मंदिर समिति गायों के लिए लगभग 5 लाख लड्डू बनाने जा रही है।लोग दूरदराज के गांवों से लड्डू लेने आ रहे हैं। दौसा, लालसोट, बांदीकुई, गंगानगर, सीकर, अजमेर, भीलवाड़ा आदि जिलों से लोग औषधि युक्त लड्डू लेने आ रहे हैं । हरि ओम जन सेवा समिति के सदस्य औषधि युक्त दवाइयों का गायों पर छिड़काव कर रहे हैं। समिति अध्यक्ष पंकज गोयल और वार्ड नं 25 के पार्षद सुरेश जांगिड़ ने दूरभाष से मीडिया कर्मी नागपाल शर्मा को बताया कि राजस्थान में कहीं भी लंपी ग्रस्त गाय हो तो श्री श्याम मंदिर से लड्डू ले जा सकते हैं।विद्याधर नगर विधानसभा विधायक नरपत सिंह राजवी ने सनसिटी हरमाड़ा में बीमार गायों के लिए सेंटर खोला है। जहां पर गायों का निशुल्क इलाज हो रहा है। सुरभि मातृत्व चैरिटेबल ट्रस्ट गौशाला की एंबुलेंस द्वारा जगह जगह से बीमार गायों को पकड़कर सनसिटी सेंटर में छोड़ा जा रहा है। वहां पर स्वयंसेवी संस्थाओं एवं प्रशिक्षित डॉक्टरों के द्वारा निशुल्क उपचार किया जा रहा है। डॉ नरेश गर्ग के द्वारा निशुल्क आयुर्वेदिक दवाएं और डॉ अंशु अग्रवाल के द्वारा निशुल्क होम्योपैथिक दवाइयां एवं इलाज जगह जगह जाकर किया जा रहा है। उक्त जानकारी नागपाल शर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



# अमेरिका की डॉ. शशि गुप्ता प्रेरणा हिंदी सभा में शामिल: संगम त्रिपाठी

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा के कार्यों से प्रभावित होकर अमेरिका की कवयित्री डॉ शशि गुप्ता हिंदी सभा में शामिल हुई है। संस्थापक कवि संगम त्रिपाठी ने उनको संस्था का सलाहकार मनोनीत किया है। डॉक्टर शशि गुप्ता एम ए पी एच डी. हिंदी साहित्य लगभग 30 वर्षो से साहित्य साधना में संलग्न है। विभिन्न विधाओं गीत गजल, दोहा, छंद , समीक्षाएँ आदि लिखती है। इस बीच इनकी एक प्रथम कृति परछाइयाँ प्रकाशित हुई तत्पश्चात संस्कृति मंथन व दो पुस्तकें साझा ,शायरों की महफि ल, काव्य कुंज अग्रवन के प्रकाशित हुईं हैं। मई 2022 में चाँद की परछाइयाँ पुस्तक प्रकाशित हुई है। आगरा, मथुरा, ग्वालियर आकाशवाणी से कविता पाठ करती रही है। अमेरिका व इंग्लेंड में विभिन्न गोष्ठियों में सम्मानित व कई बार विभिन्न मंचों में काव्यपाठ किया है। मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार आजकल समानान्तर पत्रिका ई मोबाइल डाइरी की सम्पादक व संस्थान संगम मासिक पत्रिका की संरक्षक सदस्य है। साहित्य में दर्जनों पुरुस्कार इन्हें प्राप्त हुएं है। संस्थान संगम द्वारा साहित्य गौरव सम्मान, लघुकथा सम्मान, सक्रिय सदस्य, परिचर्चा गौरव सम्मान,काव्य कौस्तुभ सम्मान आदि प्राप्त हुए हैं। ज्ञानोदय संस्था कर्नाटक द्वारा साहित्य साधक सम्मान, प्रभाश्री फाउंडेशन द्वारा वेब वार्ता हेतु सम्मान व प्रभाश्री पब्लिकेशन द्वारा 2022 के साहित्यिक कलेंडर में विशिष्ट स्थान प्रदान किया है। राष्ट्रीय हिंदी परिषद मेरठ द्वारा विशिष्ट सम्मान। युवा साहित्य संस्थान बाड़मेर द्वारा सम्मान, अंतरराष्ट्रीय हिन्दी परिषद द्वारा गणतंत्र भारत सेवी सम्मान, विश्व बंधुत्व सेतु मॉरीशस द्वारा हिन्दी सृजन मेधा सम्मान व हाल ही में विश्व साहित्य सेवा ट्रस्ट द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर राष्ट्र गौरव सम्मान से डा. शशि गुप्ता जी को अलंकृत किया गया है। भारत सरकार के सांस्कृतिक मंत्रालय द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर संस्कृति उत्थान हेतु क्रियाशीलता के प्रति सम्मान प्राप्त हुआ है तथा और भी विभिन्न सम्मानों से अलंकृत किया गया है। सामाजिक स्तर पर लायंस क्लब इंटरनेशनल की पूर्व गवर्नर रहकर सामाजिक क्षेत्र में निरंतर कार्यरत है। लायंसक्लब इंटरनेशनल द्वारा मंडल, मल्टीपल व अंतराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न पदकों व मैडिलो से भी सम्मानित की गई है। डॉ शशि गुप्ता को निर्मला देशपांडे व विनोबा जी का सानिध्य प्राप्त रहा है उन्हीं के आह्वान पर स्त्री शक्ति जागरण हेतु कार्य व विभिन्न गाँवो में पदयात्राएँ भी कीं हैं। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी चर्चित कवि गुरुदीन वर्मा आजाद ने कहा कि विभिन्न साहित्यिक सांस्कृतिक व सामाजिक संस्थाओं की सक्रिय सदस्य कवयित्री डॉ शशि गुप्ता जी के प्रेरणा हिंदी प्रचारिणी सभा में सलाहकार बनने पर हिंदी प्रचार प्रसार की गति को प्रेरणा मिलेगी। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# कानपुर में गोविंद नगर के अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही में अव्वल इंस्पेक्टर आशीष की कर्मठता: कई गिरफ्तार

## संदिग्धों पर पैनी के साथ लगातार जारी पुलिस की गश्त

**संवाददाता/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** यहां की कमिश्नरेट पुलिस अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही में जुटी है, जिसके तहत गोविंद नगर पुलिस भी अब तक अनेक अपराधियों को जेल भेजने में सफल हो चुकी है। इसका यह सिलसिला लगातार जारी है। कुल मिलाकर चुनौती पूर्ण ईद, बकरीद मोहर्रम के बाद अब चेहल्लुम को भी सकुशल संपन्न कराने में सफल गोविंद नगर पुलिस अपराधियों का पीछा भी लगातार कर रही है। यही नहीं इसी के चलते सघन गश्त के साथ ही संदिग्धों पर पैनी नजर रखते हुए उनकी तलाशी भी ली जा रही है। इसीलिए गोविंद नगर पुलिस थाना क्षेत्र की लगभग हर गली में घूमती रहती है। दरअसल आपराधिक गतिविधियों के मामले



में गोविंद नगर भी कम चुनौतीपूर्ण नहीं है। इसीलिए गोविंद नगर पुलिस उनके खिलाफ लगातार अभियान जारी किए हुए हैं। साथ ही यह भी अवगत कराते चलें कि आजकल गोविंद नगर पुलिस की कमान अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के स्वाभिमानी स्वभाव वाले उन तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी जुझारू इंस्पेक्टर आशीष द्विवेदी के हाथ में है, जिनकी कर्तव्य के प्रति प्रगाढ़ निष्ठा पीड़ितों की हर संभव सहायता के साथ ही अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में सफल हो चुकी है।

# मानव सेवा समिति के सदस्यों ने पौधों की देखभाल की सेवा निभाई

## हर शख्स पौधारोपण करे और पौधा लगाने के बाद उसकी संभाल भी: सुभाष मानव

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**अबोहर।** मानव सेवा समिति, अबोहर शहर की अग्रणी समाजसेवी संस्थाओं में एक है और संस्था द्वारा स्थापना से लेकर अब तक लगातार सेवा कार्य जारी हैं। संस्था की कई तरह की सेवाओं में से पर्यावरण संभाल सेवा मुख्य सेवाओं में एक है। संस्था की तरफ से अलग-अलग स्थानों पर पौधारोपण किया गया है जिसमें से विशेष रूप से नई अनाज मंडी का एरिया जिक्रयोग है क्योंकि संस्था द्वारा इस एरिया में करीब पौने दो सौ पौधे लगाकर ट्री गार्ड फिट किए गए हैं और यह सेवा कार्य सिर्फ पौधा लगाने तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि लगातार लगाए गए पौधों की देखभाल भी की जाती है। संस्था के वाइस चेयरमैन संजय



मानव ने बताया कि आज की सेवा के दौरान ऐसे ट्री गार्डों पर जाली लगाई गई है जिनकी ऊंचाई कम होने के कारण पौधे पशुओं की पहुंच में आ रहे थे। इसके अलावा कटिंग करने लायक पौधों की कटिंग की गई है। संस्था के सेवादारों श्री सोम गांधी और उनके बेटे मोनू गांधी द्वारा ट्री गार्डों में साफ सफाई की गई है। संस्था के प्रमुख सेवादार सुभाष मानव द्वारा सेवा में शामिल रहे सेवादारों डॉ. विजय ग्रोवर, दविंदर सिंह रावत, महिंदर कुमार, विजय तुंगरिया, निकुंज कुमार साहू, राज चावला, सोम गांधी, मोनू गांधी और संजय मानव द्वारा किए गए सेवा कार्य के लिए हौसला अफजाई की गई। मानव सेवा समिति द्वारा सभी लोगों से अपनी जिंदगी के चुनिंदा लम्हों को पौधारोपण, ब्लड डोनेशन, जरूरतमंद बच्चों के लिए स्टेशनरी दान, जरूरतमंद परिवार की कन्या की शादी में सहयोग, जरूरतमंद परिवारों को राशन भेंट करना आदि सेवा कार्यों के जरिए यादगार बनाने की अपील की जाती है। इन सेवा कार्यों के लिए संस्था की तरफ से आपका हार्दिक स्वागत है।

# शिक्षामंत्री बी डी कल्ला ने शिक्षक संघ प्रगतिशील के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेंद्र गहलोत का सम्मान किया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ.बी. डी कल्ला के पहली बार सिरोही आगमन पर राजस्थान शिक्षक संघ (प्रगतिशील) के मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत को शिक्षा मंत्री द्वारा साफा पहनाये जाने पर संगठन की जिला कार्यकारिणी ने शिक्षा मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित कर संगठन के गौरव को सम्मान देने के लिए धन्यवाद प्रस्ताव भेजा। मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा के अनुसार संघ (प्रगतिशील) के जिला मंत्री इनामुल हक कुरैशी ने बताया कि प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत का शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी.कल्ला के हाथों स्वेच्छा से सम्मान शिक्षक हितों के लिए सदैव संगठन की संधर्षशील कार्यशैली एवं पारदर्शिता से प्रकरणों को निष्पक्ष रूप से उठाकर पीडित को न्याय दिलाने का भरपुर प्रयास कई वर्षों से करते आ रहे हैं। संगठन के लिए गौरव की बात हैं। मीडिया प्रभारी



ने बताया कि इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देवेश खत्री, सभाध्यक्ष भगवत सिंह देवडा, उपशाखा सिरोही अध्यक्ष इन्दरमल खण्डेलवाल, रमेश रांगी, विक्रमसिंह सोलंकी, जसवन्त सिंह परमार, छगनलाल कुम्हार, शिवगंज अध्यक्ष छगनलाल भाटी, रेवदर अध्यक्ष विनोद नैनावत, सविता शर्मा, धर्मेन्द्र खत्री, भीखाराम कोली, रमेश परमार, नवनीत माथुर, ओमजी लाल शर्मा, अयुब खान, भंवर सिंह दहिया, सत्य प्रकाश आर्य, सविता बैरवा, शाहिस्ता परवीन, उषा चौरसिया, राजकुमारी माथुर, गणेश कुमार, भंवरलाल हिन्डोनिया, बंशीलाल नोगिया, अशोक कुमार, जसराज, हुसैन कायमखानी, रधुनाथ मीणा, महेन्द्र पाल परमार, नवनीत शर्मा, रणजीत राठौड़, जोराराम मेघवाल, हरीराम कलावंत, प्रवीण जानी, रण लाल मीणा, प्रवीण मीणा, उमेश प्रजापत, भरत कुमार घांची, नरेन्द्र सिंह आढा, भगवत सिंह मोरली, भंवर सिंह, दिलीप सिंह परमार, रमेशकुमार दहिया, सुरेश वसेटा, लोकेश चारण, कान्तिलाल मीणा, मगनलाल परिहार, धीरेन्द्र सिंह सांखला, अशोक मालवीय, शैलेन्द्र खत्री, बलवन्त सिंह राठौड, वरूण खत्री, जीवन प्रकाश, शंकर राणा, रमेश खत्री, राजेश त्रिवेदी, सुरेश रावल सहित सैकडों शिक्षा मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गुरुदीन वर्मा ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।

# 'समाज के असली हीरो जिनकी गिनती बहुत कम जगह होती'

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बाड़मेर।** उलमा (मौलाना) आज आप और हम हजार बाती करे नेताओं की एक सरकारी घोषणा पर बधाई देते है धरातल पर नहीं सही मेहनत लीडरों की..जीतने भी लडके शिक्षा की सीढ़ियों को छुए है बाड़मेर क्षेत्र में जिनमे 98% लड़कों का रहना स्कूली दौर रहने खाने की व्यवस्था चाहे वो बाड़मेर मदरसा रहा हो खार्ची रहा हो देतानी गागरिया सेहलाऊ और भी बहुत सारे मदरसे है और समाज की रीती रिवाज गीत औसर खर्चा का जमीनी स्तर पर विरोध इन उलमाओ की वजह से है ये दिखने के हमारी नजरों मै फकीर क्योंकि हमारा लिबास थोड़ा महंगा और शौकीन है लेकिन इनके सीने मै कौम के प्रति फिक्रमदी है। ये इतने बड़े बड़े मदरसे छोटे छोटे पैसे जोड़कर बनाये गए कभी कोई इतना बड़ा सरकारी फायदा भी नहीं दिलाया होगा ना सपोर्ट किया होगा समाज के शुभचिंतक नेताओं ने.. आज सरकरी नौकरी मै और भी शिक्षा के क्षेत्र मै काम करने वाले लड़कों से पूछ लेना 98%लड़कों की स्कूल पढ़ाई मदरसो मै रहकर हुयी है। और उनका रिजल्ट भी हम सबके सामने है. ।आज के दौर मै एक रूम बनाना आसान नहीं इनकी फिक्रमदी के सबूत मदरसो की बिल्डिंगे सुविधाएं है.खाने पीने की व्यवस्था है समाज के असली शुबचीतंक उलमा है अगर उनको दीनी तालीम के साथ समाज के प्रभावशाली लोग मिलकर प्रभावशाली लोगों मै भी दुनियादारी के फिक्रमन्द लोग दीन के साथ साथ दुनिया की तालीम मै उनका समर्थन करे तो एक बहुत बड़ा बदलाव आ सकता है जिसकी वजह है की मदरसो मै सारी सुविधाएं है और समाज का भला हो इसमें उलमा पीछे रह ही नहीं सकते ये सबसे बड़े फिक्रमन्द है उलमाओ को तवज्जो देने की जरूरत है ये असली हीरो है कौम के फिक्रमन्द और कौम की तड़प रखने वाले है.नेता कभी सरकार मै होंगे कभी नहीं ये लोग हमेशा जज्बात के साथ काम करते है नेता सरकार मै नहीं होंगे तो सीधा बोलींगे अपनी सरकार नहीं वैसे अपने वाले समाज के तो सरकार मै हो या नहीं लगभग बराबर है क्योंकि समाज को ही कोसते है। उलमाओ पर समाज को त्वज्जो देने की जरूरत है क्योंकि आपको इनका रिजल्ट देखने को मिलेगा इन्होने जमीनी स्तर पर बहुत बदलाव किया है आज हमारे क्षेत्र मै उलमा मौजूद है और आगे भी रहींगे राजनितिक और दुन्यावी तालीम तालीम का जोड़ है ऐसे उलमाओ से दीनी तालीम का जोड़ है उलमाओ ने समाज मै दोनों काम किए है और कर रहे है अल्लाह इनको उम्र दे असली हीरो को पहचाने फोटो सेल्फी वालों के चक्कर मै कम पढ़े।


लेखक सदाम भानू बाड़मेर

# खून के अशुद्ध और गाढ़ा होने की समस्या को इन नुस्खो से करें दूर

इस भागदौड़ भरी जिंदगी में किसी के पास अपने लिए समय ही नहीं है। जिससे गलत डाइट और एक्सरसाइज न करने का सीधा असर सेहत पर दिखाई देता है। समय पर खाना न खाना या व्यायाम न करने पर बीमार पड़ता तो जाहिर सी बात है लेकिन गलत-खान पान के कारण आप रक्त विकारों का शिकार भी हो सकते है। खून शरीर के अंगो में ऑक्सीजन सप्लाई करके आपको स्वस्थ रखता है। ऐसे में खून में गड़बड़ी रक्त के थक्के जमना या खून के गाढ़ा होने से आप कोलेस्ट्रॉल और दिल के रोग जैसी बीमारियों की चपेट में भी आ सकते है। कुछ लोग तो इस समस्या को दूर करने के लिए दवाइयों तक का सेवन करते है लेकिन कुछ कारगार घरेलू तरीके से भी इन रक्त विकारों को दूर किया जा सकता है। आज हम आपको कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिससे आप रक्त विकारों को बिना किसी नुकसान के दूर कर सकते है।



**रक्त विकार के कारण**

आयरन की कमी
अनुवांशिक
कमजोर लीवर
हार्मोन बदलाव
गलत आहार
डायबिटीज
तनाव
पानी की कमी

**रक्त विकार के लक्षण**

लगातार बीमार रहना
भूख ना लगना
वजन कम होना
त्वचा रोग
दृष्टि कमजोर हो जाना
बाल झाड़ना
प्रतिरोधक क्षमता कम होना

रक्त विकार के घरेलू उपचार

**1. आंवला**

विटामिन सी के गुणों से भरपूर आंवला का सेवन शरीर से विषैले पदार्थों को बाहर निकालता है और नए रक्त बनाता है।

**2. नींबू**

दिन में 3 बार गर्म पानी में नींबू मिलाकर सेवन करें। इससे आपके सभी प्रकार के रक्त विकार दूर हो जाएंगे।

**3. मुनक्का**

25 ग्राम मुनक्के को रातभर भिगो दें। सुबह इसे पीसकर 1 कप पानी में मिलाकर रोजाना पीएं। इससे आपकी यह समस्या दूर हो जाएगी।

**4. एलोवेरा**

25 ग्राम एलोवेरा का ताजा रस में 12 ग्राम शहद और आधे नींबू का रस मिलाकर सुबह शाम पीने से रक्त विकार दूर होते है।

**5. करेला**

दिन में 2 बार ताजे केरेले का जूस का सेवन भी सभी प्रकार के रक्त विकारों को दूर करता है।

**6. प्याज**

1/4 कप प्याज के रस में नींबू शहद मिलाकर लगातार 10 दिन तक सेवन करें। यह रक्त विकारों को दूर करके खून साफ करने में मदद करता है।

**7. नीम**

नीम के पत्ते, निम्बोली छाल और जड़ को उबाल कर दिन में 1 बार पीएं। इससे रक्त विकार के साथ आपकी कई समस्याएं दूर हो जाएगी।

# डैंड्रफ हो जाएगा जड़ से खत्म, अपनाएं यह घरेलू नुस्खा

*खूबसूरत, घने और लंबे बाल तो हर लड़की पाना चाहती है। मगर आजकल बालों में होने वाली परेशानियों के कारण बाल झड़ने और डैंड्रफ जैसी समस्याए हो जाती है। लड़के और लड़कियां दोनों डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए मंहगे प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते है लेकिन किसी से भी यह समस्या दूर नहीं होती। ऐसे में आज हम आपको डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए एक ऐसा उपाय बताने जा रहें है, जिससे बिना किसी नुकसान के यह समस्या दूर हो जाएगी। तो आइए जानते है डैंड्रफ को जड़ से खत्म करने का आसान घरेलू तरीका।*

**इसलिए होती है डैंड्रफ की परेशानी**



स्कैल्प में डैड सेल्स जमा होने के बाद वो ड्राय हो जाती है, जिससे सिर में फंग्स और इंफेक्शन हो जाती है। इसके कारण आपके बालों में डैंड्रफ की समस्या हो जाती है। ऐसे में आपको अपनी डाइट में जिंक, ओमेगा-3 फैटी एसिड और विटामिन्स वाली चीजें शामिल करनी चाहिए।

**डैंड्रफ को दूर करने का घरेलू तरीका**

एक कटोरी में नींबू का रस निकाले लें। इसके बाद इसमें गर्म पानी और सी सॉल्ट मिक्स करें। इस मिक्चर को स्कैलप पर लगाकर मसाज करें और 30 मिनट के लिए छोड़ दें। इसे बाद बालों को शैम्पू सेधोकर कंडीशनर कर लें। हफ्ते भर इसका इस्तेमाल करने से आपके डैंड्रफ की समस्या दूर हो जाएगी। इसके अलावा आपको यह समस्या दोबारा नहीं होगी।

# एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स लेने से पहले जरूर जानें यह बातें



लड़कियों की उम्र जैसे-जैसे बढ़ती जाती है उन्हें वैसे ही अपनी ब्यूटी की चिंता भी परेशान करने लगती है। उम्र के हिसाब से चेहरे पर पड़ने वाली झुर्रियो को छुपाने के लिए वह कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती है और इन्हें खरीदने के लिए विज्ञापनों में किए झूठे वादों पर विश्वास कर लेती है। जिसके बाद में उन्हें फायदा होने की बजाए नुकसान झेलना पड़ता है, इसलिए एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स खरीदने से पहले उसके इंग्रेडियंट को ध्यान से जरूर पढ़ लेना चाहिए ताकि कौन-सा इंग्रेडियंट आपके लिए फायदेमंद है और कौन-सा नहीं। जिसे इस्तेमाल करके आपके चेहरे पर किसी तरह का साइड-फैक्ट न हो।

1. मॉश्चराइजिंग ऑयल

अगर आप एंटी एजिंग प्रॉडक्ट्स खरीदने जा रहे हैं तो सबसे पहले यह देख लें कि उसमें मॉश्चराइजिंग ऑयल है भी कि नहीं। अगर नहीं तो यह फेस पर ग्लो लाने के लिए बिल्कुल भी कारगर नहीं है। चेहरे को मॉश्चराइजिंग करने के लिए जोजोबा ऑयल, कोकोनट ऑयल, अलमंड ऑयल आदि प्रमुख स्त्रोत माने जाते हैं। जिसे इस्तेमाल करके उम्र से ज्यादा जवान दिखा जा सकता है।

2. पैराफिन्स से रहें दूर

एंटी एजिंग प्रोडक्ट्स खरीदने से पहले यह बात जरूर जान लें कि इसमें पैराफिन्स का इस्तेमाल तो नहीं किया गया। पैराफिन्स युक्त क्रीम लगाने पर चेहरे पर उसी समय चमक तो जरूर आ जाती लेकिन बाद में इसका नुकसान भी होता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा के रोम छिद्र बंद हो जाते हैं। जिसके कारण स्किन पर उम्र का असर और ज्यादा दिखने लगता है।

3. रेटिनॉयड्स का रखें ख्याल

इस बात पर ध्यान जरूर दें कि आप जो एंटीएजिंग क्रीम इस्तेमाल कर रही है, वह रेटिनॉयड्स युक्त है भी कि नहीं। इसे विटामिन ए का एक रूप माना जाता है। यह कई तरह की स्किन प्रॉब्लम को ठीक रखता है। इसके इस्तेमाल से फेस पर कील, मुंहासे की समस्या नहीं होती साथ ही में इसे लगाने से चेहरे का ब्लड सकुर्लेशन ठीक रहता है। जिसके कारण स्किन चमकदार, कसी हुई और खूबसूरत दिखती है।

4. किरेटिन

किरेटिन युक्त क्रीम लगाने से चेहरे की डेड स्किन सेल्स हट कर नई और स्वस्थ त्वचा का निर्माण होता है। जिससे आप जवान दिखने लगते है।

5. अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड

अगर आपके चेहरे पर झुर्रियां और झाइयां हो रही है तो आप अल्फा हाइड्रॉक्सी एसिड युक्त क्रीम इस पर अप्लाई करें। यह चेहरे की डेड स्किन को हटाकर नई स्किन में बदल कर चेहरे पर चमक लाने में काफी मददगार है।

6. कॉपर पेप्टाइड्स

जब आपकी स्किन ढीली पड़ने लगे तो ऐसे एंटी-एजिंग प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करें, जिसमें कॉपर पेप्टाइड्स हो। यह ढीली त्वचा को टाइट करने में काफी मददगार है। इसलिए इसके इस्तेमाल से त्वचा की झुर्रियां से छुटकारा पाया जा सकता है।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# सुकेश के साथ शादी करना चाहती थीं जैकलीन

**जैकलीन** फर्नांडिस की मुश्किलें रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महाठग सुकेश चंद्रशेखर और जैकलीन फर्नांडिस से जुड़े 200 करोड़ रुपये के रंगदारी मामले की जांच कर रही टीम के अधिकारियों का कहना है कि एक्ट्रेस को उनके कुछ बॉलीवुड सहयोगियों और दोस्तों ने उन्हें सुकेश के बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन उन्होंने उन बातों पर कोई ध्यान नहीं दिया। रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया है कि, जैकलीन फर्नांडिस सुकेश से शादी करने की भी प्लानिंग कर रही थीं। सूत्रों के मुताबिक जैकलीन फर्नांडिस ने अपने कुछ दोस्तों को कहा था कि मुझे मेरा 'ड्रीम मैन' मिल गया है और जल्द वो सबके सामने होगा। दरअसल जांच में आया है की जैकलीन को इंप्रेस करने के लिए सुकेश ने जैकलीन के ड्रेस डिजाइनर को मोटी रकम दी थी और कुछ ड्रेस भी भिजवाए थे ताकि वो जैकलीन को इंप्रेस कर सके। जैकलीन को पूरी तरह सुकेश इंप्रेस भी कर चुका था और जैकलीन इमोशनल अटैच्ड भी हो गईं थीं लेकिन एक दिन उनके हेयर ड्रेसर ने जैकलीन को अखबार की एक कटिंग दिखाई जिसमें सुकेश की पुरानी क्राइम हिस्ट्री लिखी हुई थी जिसके बाद जैकलीन काफी भड़की थी।



# प्रभास-कृति फिल्मी इंडस्ट्री के नए कपल?

**प्रभास** और कृति सेनन की फिल्म आदिपुरुष को लेकर काफी बज बना हुआ है। दोनों पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे, जिसे लेकर फैंस बहुत एक्साइटेड है। इसी बीच ये भी खबरें आ रही हैं कि कृति और प्रभास एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। अफवाह ये भी है कि आदिपुरुष की शूटिंग के दौरान ही दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ी है। प्रभास और कृति के रिश्ते की अफवाह कॉफी विद करण शो के लेटेस्ट एपिसोड के बाद से शुरू हुई है। दरअसल, हाल ही में कृति सेनन, करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' में टाइगर श्रॉफ संग पहुंचीं। जब कॉलिंग सेगमेंट का गेम शुरू हुआ तो उस दौरान कृति ने प्रभास को कॉल किया। एक्टर तुरंत ही कृति का कॉल उठाकर उनसे बात करने लगे। दोनों की इस बॉन्डिंग को देखकर ही फैंस ये कयास लगाने लगे कि कृति और प्रभास एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। फिलहाल अभी दोनों के तरफ से इस अफवाह को लेकर कोई भी बयान सामने नहीं आया है।





# नोज सर्जरी पर प्रियंका चोपड़ा की सफाई

**प्रियंका** चोपड़ा उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिन्होंने अपने चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के लिए सर्जरी का सहारा लिया है। एक्ट्रेस ने सालों पहले अपनी नाक की बनावट बदलवाई थी, हालांकि एक्ट्रेस की मानें तो उन्होंने नाक की सर्जरी सुंदरता के लिए नहीं बल्कि अस्थमा से सांस लेने में तकलीफ होने के कारण करवाई है। प्रियंका ने बताया है कि वो अस्थमा के कारण नाक की सर्जरी करवाने गई थीं, लेकिन डॉक्टर्स की लापरवाही के कारण उनकी नाक का शेप पूरी तरह बदल गया। रिजल्ट देखकर प्रियंका बुरी तर डर गई थीं और खुद को पहचान नहीं पा रही थीं। आगे एक्ट्रेस ने लिखा- जैसे ही डॉक्टर्स ने सर्जरी के बाद मेरी नाक पर लगी पट्टियां हटाईं और मेरी नाक दिखी तो मैं और मेरी मां बुरी तरह डर गए। मेरी असली नाक जा चुकी थी। मेरा चेहरा बिल्कुल अलग दिख रहा था। वो मैं थी ही नहीं। प्रियंका ने बुक में खुलासा किया है कि हर बार आइना देखकर वो अपना चेहरा पहचान नहीं पाती थीं। उन्होंने लिखा, मुझे नहीं लगा था कि अब मेरा सेल्फ स्टीम कभी रिकवर हो पाएगा। मुझे याद है कि मीडिया ने मुझे प्लास्टिक चोपड़ा नाम दे दिया था। इससे मेरी प्रोफेशनल लाइफ पर बुरा असर पड़ा था। सर्जरी बिगड़ने के बाद मुझे दोबारा अपनी नाक ठीक करवाने के लिए सर्जरी करवानी पड़ी थी।